संख्या-5/1/2016-सी.पी.आई.
भारत सरकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
श्रम ब्यूरो

'क्लेरेमोंट', शिमला-171 004
दिनांक : 31 जनवरी, 2017

प्रेस विज्ञप्ति

औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक - दिसम्बर, 2016

दिसम्बर, 2016 का औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 2 अंक घटकर 275 (दो सौ पचहत्तर) अंक के स्तर पर संकलित हुआ। सूचकांक में नवम्बर एवं दिसम्बर, 2016 के बीच 0.72 प्रतिशत की कमी रही जो पिछले वर्ष इन्हीं दो महीनों के बीच (-) 0.37 प्रतिशत थी।

सूचकांक में दर्ज कमी में सर्वाधिक योगदान खाद्य समूह का रहा जिसने कुल बदलाव को (-) 2.74 बिंदु प्रतिशत्ता से प्रभावित किया। मदों में अरहर दाल, चना दाल, मसूर दाल, उड़द दाल, मूंगफली का तेल, सरसों का तेल, हरी मिर्च, अदरक, बैंगन, बंद गोभी, गाजर, फूल गोभी, फ्रासवीन, लौकी, हरा धनिया, मेथी, पालक, मटर, आलू, मूली, टमाटर, केला, नींबू, इत्यादि सूचकांक को घटाने में सहायक रहे। इसके विपरीत, चावल, गेंहूँ, गेंहूँ आटा, नारियल का तेल, मछली ताजा, बकरे का मांस, दूध, नाश्ता नमकीन, रसोई गैस, ई.एस.आई. प्रिमियम अंशदान, पेट्रोल, फूल/फूल मालाएं, नहाने का साबुन, इत्यादि ने सूचकांक में कमी को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. पर आधारित मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के 2.59 प्रतिशत तथा गत वर्ष के दिसम्बर माह के 6.32 प्रतिशत की तुलना में इस माह 2.23 प्रतिशत रही। वैसे ही, खाद्य-स्फीति दर पिछले माह के 1.66 प्रतिशत एवं एक वर्ष पूर्व इसी माह के 7.94 प्रतिशत की तुलना में 0.67 प्रतिशत रही।

केन्द्र-स्तर पर, राउरकेला के सूचकांक में 10 अंक की अधिकतम कमी रही जिसके बाद वड़ोदरा (9 अंक), नागपुर और लखनऊ (8 अंक प्रत्येक) और अमृतसर, वाराणसी और मुंगेर जमालपुर (6 अंक प्रत्येक) रहे। अन्य में, 7 केन्द्रों में 5 अंक, 12 केन्द्रों में 4 अंक, 9 केन्द्रों में 3 अंक, 15 केन्द्रों में 2 अंक तथा 10 केन्द्रों में 1 अंक की कमी रही। इसके विपरीत, क्विलोन में अधिकत्तम (6 अंक) तथा एरनामुलम एवं मुण्डाक्याम में (3 अंक प्रत्येक) की वृद्धि पाई गई। अन्य 4 केन्द्रों में 2 अंक तथा 4 केन्द्रों में 1 अंक की वृद्धि रही। शेष 7 केन्द्रों के सूचकांक स्थिर रहे।

34 केन्द्रों के सूचकांक अखिल-भारतीय सूचकांक से ऊपर तथा 43 केन्द्रों के सूचकांक राष्ट्रीय औसत से नीचे रहे। विशाखापतनम केन्द्र का सूचकांक अखिल-भारत सूचकांक के समकक्ष रहा।

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. की आगामी कड़ी जनवरी, 2017 माह के लिए दिन मंगलवार, फरवरी 28, 2017 को जारी की जाएगी। यह कार्यालय की वेबसाइट www.labourbureaunew.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगा।

(ईन्द्र सेन नेगी)
उप महा निदेशक